नगर आयुक्त ने कम्यूनिटी किचन का किया निरीक्षण

रैन बसेरा में प्रवासी व्यक्तियो को खाना वितरण करते नगर आयक्त संतोष शर्मा।

शाहजहांपर (एसएनबी)। कोविड-19 महामारी के दृष्टिगत हनुमतधाम आश्रय स्थल में नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा ने आज मंगलवार को सामुदायिक रसोई/कम्यूनिटी किचन का निरीक्षण किया। हनुमतधाम स्थित रैन बसेरा में नगर निगम द्वारा प्रवासी व्यक्तियों के लिये संचालित किये गये सहायार्थ कम्यूनिटी किचन में खाने की गुणवत्ता को परखा गया व खाने की गुणवत्ता संतोषजनक पाई। इसके अलावा नगर आयुक्त ने रैन बसेरा में उपस्थित प्रवासी व्यक्तियो को खाने के पैकेट का वितरण किया।

रैन बसेरा में प्रवासी व्यक्तियो को भोजन वितरण किया

सहायार्थ कम्यूनिटी किचन के द्वारा प्रवासी व्यक्तियां को 250 लंच पैकेट वितरित किये गये। इस मौके पर नगर आयुक्त ने रैन बसेरा में उपस्थित लोगों से कोविड-19 की गाइडलाइन का पालन करने व फेस मास्क का उपयोग करने की अपील की। इस मौके पर मख्य अभियन्ता दिनेश चन्द्र सचान आदि उपस्थित रहे।